**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**10.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे**

## जीएसटी सुधार

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की। उनका यह सपना तब साकार हुआ जब 3 सितंबर को जीएसटी परिषद ने दरों को युक्तिसंगत बनाने, कई क्षेत्रों में कर दरों को कम करने और नागरिकों के जीवन को आसान बनाने को मंजूरी दी। केन्द्र सरकार ने स्टेशनरी वस्तुओं पर जीएसटी दरों में छूट देकर शिक्षा क्षेत्र को बड़ी राहत दी है। नए सुधारों के तहत, पेंसिल, शार्पनर, क्रेयॉन, अभ्यास पुस्तिकाएँ, ग्राफ बुक, मानचित्र और चार्ट जैसी स्टेशनरी वस्तुओं को पहले के 12 प्रतिशत जीएसटी से छूट दी गई है, जबकि रबड़ पर जीएसटी 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है। इन सुधारों ने कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों को कम करके नागरिकों का जीवन आसान बना दिया है। जीएसटी सुधार आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए किए गए हैं और ये 22 सितंबर से लागू होंगे।

---

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से नई दिल्ली के तीन दिवसीय दौरे पर है। इस दौरान 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया से मुलाकात कर प्रदेश के हकों की पैरवी करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री का विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से भी मिलने का कार्यक्रम है और वे प्रदेश के लिए अधिक वित्तीय सहायता का आग्रह करेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कांग्रेस हाईकमान से भेंट कर संगठन से जुड़े मुद्दो पर भी चर्चा कर सकते हैं।

---

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में आपदा से हुए नुकसान के लिए प्रधानमंत्री का 15 सौ करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के लिए आभार जताया है। कांगड़ा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश सरकार ये पैसा पूरी ईमानदारी से आपदा प्रभावितों तक पहुंचाएगी।

और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश दोनों मिलकर के इस आपदा की घड़ी में हिमाचल प्रदेश के प्रभावित लोगों की मदद करेंगे और हिमाचल प्रदेश में जो डैमेजेस हुए हैं उसकी भरपाई के लिए काम करें और मैं समझता हूं कि आज तक के इतिहास में यह पहले प्रधानमंत्री हैं नरेंद्र मोदी जी जो आपदा के दौरान हिमाचल प्रदेश में इस प्रकार दौरा करने के लिए आए और 1500 करोड़ रुपए हिमाचल प्रदेश के लिए विशेष पैकेज के रूप में घोषित करके भी चले उम्मीद करता हूं कि मुख्यमंत्री जी प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करेंगे।

---

## पेंशन अदालत

केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने पेंशन संबंधी शिकायतों के निपटान में नागरिक– केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। नई दिल्ली में आज 14वीं अखिल भारतीय पेंशन अदालत की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि पेंशनभोगियों की समस्याओं के समाधान व उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने का दायित्व संबंधित विभागों का होना चाहिए। न्होंने पेंशन अदालत में उपस्थित विभागों को निर्देश दिया कि वे शिकायत निवारण के बाद भी पेंशनभोगियों से जानकारी लें जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी समस्याओं का दोहराव ना हो सके। जितेन्द्र सिंह ने तथ्यों और दस्तावेजों के सत्यापन के लिए ए.आई. संचालित उपकरणों के उपयोग का भी सुझाव दिया, जिससे जल्द से जल्द समस्याओं का निवारण और समय की बचत सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में प्रौद्योगिकी को अपनाने से समस्याओं के निवारण में लगने वाले समय में कमी आई है।

-----------------------------------------------------------------

## राठौर

विधायक व कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने कहा है कि प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी है जिसके लिए अवैध कटान और खनन पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में आपदा से किसी तरह का नुकसान न हो इसके लिए भी कदम उठाए जाने चाहिए। राठौर ने कहा कि इस आपदा से निपटने के लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करने होंगे।

कोई भी राजनीतिक दल के लोग हों, इस आपदा से हमें किस तरह से निपटना है, उसके लिए मिलजुल के प्रयास करो और आज छोटी–छोटी बातों को छोड़कर हम सामूहिक प्रयास करें ताकि आने वाले समय में हम इस आपदा से निकलें और इस तरह की परिस्थितियां प्रदेश में बने कि हम इस तरह की आपदा का सामना कर सके।

-----------------------------------------------------------------

## हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को सिरमौर जिला में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का सही आकलन कर पात्र व्यक्तियों को राहत दिलाने के लिए सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। नाहन में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि ज़िला में मॉनसून से करीब 2 सौ 30 करोड़ रूपए का नुकसान आंका गया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व एन.एच.ए.आई. के अधिकारियों को अवरूद्ध मार्गों को जल्द खोलने को भी कहा।

-----------------------------------------------------------------

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में हल्के बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में राज्य में मौसम के साफ रहने की सम्भावना जताई है इसके अलावा 12 से 14 सितंबर तक प्रदेश के कई ज़िलों में वर्षा के आसार है।